# अवैध जल कनेक्शन के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी : कन्हैयालाल चौधरी

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू जल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलैक्ट्री सभाकक्ष जैसलमेर में बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर जिले की पेयजल विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में विभाग की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ, जल जीवन मिशन, अमृत 2.0 योजना सहित विभागीय योजनाओं और परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।



जैसलमेर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू जल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

## स्वच्छ पेयजल पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता

मंत्री श्री चौधरी ने बैठक में कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे जल जीवन मिशन के तहत मार्च, 2024 से पहले जो भी कार्य घर-घर जल कनेक्शन के हुए है उसमें पानी सप्लाई अवश्य हो इस बात का विशेष ध्यान रखें।

उन्होंने यह भी हिदायत दी कि मार्च, 2024 के बाद इस योजना में जो कार्य हुए है उसकी एमडी, गुणवत्ता, कनेक्शनों की डिजायन आदि की जांच भी कराई जाएगी इसलिये सभी अभियंता पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य को सम्पादित कराएँ। बैठक में जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी, शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी, जिला प्रमुख जैसलमेर प्रताप सिंह सौलकी, जिला कलक्टर प्रताप सिंह, समाजसेवी चन्द्रप्रकाश शारदा, दीपक कड़वासरा, प्रधान फतेहगढ़ जनकसिंह, पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी सहित जलदाय विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## अधूरे कार्य समय पर करें पूर्ण

जलदाय मंत्री ने तीनों जिलों के जल जीवन मिशन और अमृत 2.0 योजना के परियोजनाओं व कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी लम्बित कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लावरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## समय पर कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों पर लगायें पैनल्टी

जलदाय मंत्री ने कहा कि सरकार की प्रतिबद्वता हैं कि प्रदेश का हर नागरिक स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल सुविधाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जनहित कार्यो में किसी प्रकार की कोई शिथिलता नहीं बरतें और अपने जिम्मेदारी का निवर्हन पूरी तत्परता से करें। उन्होंने यह भी हिदायत दी कि जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट के तहत जिन ठेकेदारों ने समय पर कार्य नहीं किया हैं उन पर भारी पैनल्टी लगायें एवं कार्य को पूर्ण करवाना सुनिश्चित करावें।

## अच्छी गुणवत्ता के साथ करायें कार्य

उन्होंने अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे प्रोजेक्ट के तहत वर्तमान में कराए जाने वाले कार्यो की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं करें एवं डिजायन के अनुरुप पाईप लगे एवं जल कनेक्शन हो इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जावें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे फील्ड में भ्रमण कर जल जीवन मिशन में जो घर जल कनेक्शन हुए हैं उनके पानी के प्रेशर की जांच करायें इस कार्य को भी वे प्राथमिकता से करावें।

जलदाय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल जीवन मिशन के प्रोजेक्ट एवं अन्य रेग्युलर योजनाओं में क्षेत्र के विधायकों के साथ ही जनप्रतिनिधियों का पूरा सहयोग लें। उन्होंने यह भी हिदायत दी कि अधिकारी निर्धारित मापदण्डों के अनुरुप कार्यो का निरीक्षण करेगें।

उन्होंने यह भी कहा कि अभियंता अपने क्षेत्र के खराब नलकूपों, हैण्डपम्पों को चालू करवाने के लिये पूरी कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें ताकि उन्हें बजट उपलब्ध कराया जा सकें। उन्होंने नलकूप खोदने के साथ ही विद्युत कनेक्शन के लिए डिमाण्ड राशि जमा कराने एवं खोदने के बाद पांच दिवस में विद्युत कनेक्शन लेने की कार्यवाही विद्युत विभाग करवाने पर जोर दिया।

जैसलमेर विधायक भाटी ने जल जीवन मिशन के तहत कार्यो में गति लाने पर जोर दिया एवं कहा कि वे हर घर जल कनेक्शन कर लोगों को समय पर पीने का पानी उपलब्ध करायें। उन्होंने शहरी क्षेत्र में पेयजल सुदृढ़िकरण के कार्यो को भी प्राथमिकता से कराने, मोहनगढ़ से जैसलमेर के बीच लिकेज पाईप लाईन को सही कराने की आवश्यकता जताई।

पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी ने विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत हुए पेयजल कार्यो को निर्धारित समय सीमा में कराने, जो ढांणियाँ जल जीवन मिशन के तहत निर्धारित गाईड लाईन में आती थी उनको योजना में शामिल नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्व कार्यवाही कराने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में पेयजल विभाग से सम्बन्धित करवाए जाने वाले कार्यो पर प्रकाश डाला।

शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने शिव-रामसर पेयजल परियोजना में कार्यो को समय पर कराने के साथ ही अन्य पेयजल कार्यो पर प्रकाश डाला।

मुख्य अभियंता प्रोजेक्ट जोधपुर देवराज सौंलकी ने बैठक में जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा जिलों में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस मौके पर उन्होंने जल जीवन मिशन, अमृत 2.0 के तहत स्वीकृत कार्यो, पूर्ण हुए कार्यो एवं लम्बित कार्यो की जानकारी दी एवं क्षेत्रीय जलप्रदाय योजनाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में अवगत कराया।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य अभियंता जोधपुर द्वितीय जगदीश प्रसाद शर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता जैसलमेर प्रोजेक्ट आशीष गुप्ता, अतिक्ति मुख्य अभियंता प्रोजेक्ट बाड़मेर सोनाराम बैनीवाल उपस्थित एवंने अपने क्षेत्र में संचालित प्रोजेक्ट की प्रगति से अवगत कराया।

# एस.टी. वर्ग की महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण शुरू



जालोर के निकट कृषि विज्ञान केन्द्र केशवना में अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के लिए सिलाई कला प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। कृषि विज्ञान केन्द्र केशवना में विभिन्न तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के परिवार की महिलाओं में प्रशिक्षण के माध्यम से स्थायी आजीविका उत्पन्न कर आय में वृद्धि कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से अनुसूचित जनजाति उपयोजना के तहत केन्द्र में जनजातीय महिलाओं के लिए 21 दिवसीय "सिलाई कला कौशल" प्रशिक्षण का शुभारम्भ हुआ। प्रशिक्षण के आारंभ में अनुसूचित जनजाति की 25 महिलाओं ने भाग लिया।

वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार ने केन्द्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए सिलाई के माध्यम से महिलाओं के कौशल विकास और उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई कला कौशल प्रशिक्षण की उपयोगिता बताई।

प्रशिक्षण प्रभारी सुमन शर्मा ने महिलाओं को सिलाई कला कौशल प्रशिक्षण की रुपरेखा बताते हुए महिलाओं को प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ लेकर स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। केन्द्र के मौसम विशेषज्ञ आनंद शर्मा ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पूरी लगन के साथ सिलाई सीखने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षक अनसी बाई एवं सबीना बानू की ओर से महिलाओं को विभिन्न प्रकार के महिलाओ के उपयोग में आने वाले वस्त्रों , पोशाक, राजपूती पोशाक, बच्चों के झबले, कुशन कवर, बैग इत्यादि की कटिंग व सिलाई का कार्य सिखाया जायेगा।

# छात्रा बास्केटबॉल लीग जारी

**बालोतरा,** (निसं)। स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसोल में आयोजित हो रही प्रथम जिला स्तरीय छात्रा वर्ग बास्केटबॉल लीग के तीसरे दिन भी रोमांचक मैच हुए।

आयोजक विक्रम सिंह राठौड बताया दूसरे दिन अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने खिलाडियों का हौसला बढाया साथ ही खेल संस्थान व बास्केटबॉल एसोसिएशन की तारीफ की।

तीसरे दिन जसोल ग्र्ल्स पावर हुपर्स ने जसोल टाइटंस को, जसोल बेलर्स ने सुपर क्वींस जसोल को , वंडर गर्ल्स जसोल ने जसोल टाइटंस को, सुपर क्वींस जसोल ने जसोल वॉरियर्स को, जसोल बेलर्स ने गर्ल्स पावर हुपर्स को हराया।

# जयशंकर त्रिवेदी कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा के उपाध्यक्ष बने



राजस्थान कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज कन्या विवाह संस्थान पश्चिम राजस्थान जोधपुर ने सम्मेलन का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली,** (नि.सं.)। मंगलवार को राजस्थान कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज कन्या विवाह संस्थान पश्चिम राजस्थान, जोधपुर द्वारा आयोजित कन्या विवाह सम्मेलन में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज पाली के अध्यक्ष जय शंकर त्रिवेदी ने भाग लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा कानपुर के महेश कुमार मिश्रा व राजेश दिवेध्दी राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा इंदौर ने पाली कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जय शंकर त्रिवेदी को अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा कानपुर का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाने की घोषणा की।

समारोह मे राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा, कानपुर दीपक दुबे कोटा से , प्रमोद दुबे महामंत्री कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास समिति जयपुर प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, जोधपुर राजेश कुमार मिश्रा, पुष्कर अजमेर,समारोह के मुख्य संयोजक आचार्य रजनीश अवस्थी, करौली पाली कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के कोषाध्यक्ष रमाकांत मिश्रा,उपाध्यक्ष अरविंद चतुर्वेदी कार्यक्रम मे प्रदेश के उपेंद्र मिश्रा, डाक्टर राहुल शुक्ला,ऋषि दुबे, मुकेश कुमार त्रिपाठी, पीयूष त्रिपाठी, राज कुमार मिश्रा,भरत त्रिपाठी, विष्णुदास मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## 179 चयनित अभ्यर्थियों को मिलेगी नियुक्ति

**बाड़मेर,** (नि.संत्र)। कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती परीक्षा 2023 के तहत तहसील राजस्व लेखाकार पद हेतु पात्र अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण-पत्रों का सत्यापन राजस्व मण्डल अजमेर में आगामी 08 व 9 जनवरी को किया जाएगा।


राजस्व मंडल निबंधक श्री महावीर प्रसाद ने बताया कि 179 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच का कार्य कार्यालय समय में 11 बजे से सायं 5 बजे के मध्य किया जाएगा। इनमें 8 जनवरी को 100 अभ्यर्थी तथा 9 जनवरी को 79 चयनित अभ्यर्थी व्यक्तिश: राजस्व मंडल में उपस्थित होकर दस्तावेजों के जांच करवा सकेंगे। चयनित अभ्यर्थियों की सूची मण्डल कार्यालय की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

## युवक ने जान दी

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में एक 32 साल का युवक घर में अपने कमरे में फंदे पर लटका मिला। परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार पाली शहर के आशापुरा नगर में सोमवार का मुजैद हुसैन पुत्र मोहम्मद साबिर शाम के समय अपने कमरे में गया था।

# सांचौर जिला बचाओ संघर्ष समिति का धरना जारी



सांचौर जिला बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

**सांचौर,** (निसं)। प्रदेश की वर्तमान सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा घोषित सांचोर जिले को निरस्त कर दिया गया है। जिसके बाद में सांचोर जिले के लोग आक्रोशित हैं। मंगलवार को सांचोर जिला बचाओ संघर्ष समिति के बैनरतले धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई ने बताया कि डीग, खेरथल व सलुम्बर जिले जो आबादी के हिसाब से सांचौर जिले के करीब-करीब बराबर हैं। डींग जिले की भरतपुर जिले से मात्र 35 किमी दूर, खैरथल अलवर, जिले से मात्र 45 किमी व सलुम्बर उदयपुर जिले से 70 किमी दूर है। जबकि सांचौर जिला जालोर जिले से 145 किमी दूर हैं। पूर्व सरकार द्वारा गठित रामलुभाया कमेटी ने नवगठित जिलों में दूरी व आबादी को मानकर नए जिले गठित किये थे। जबकि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा कौनसे आधार पर जिलों को निरस्त किया गया कोई स्पष्ट नहीं हैं। सांचौर जिला बनने से जिला मुख्यालय नजदीक होने से लोगों के सभी जिले स्तर के कार्य जल्द होने लगे व आर्थिक बोझ भी ज्यादा नहीं रहा। लेकीन भाजपा सरकार ने जिले को रद्द करके लोगों की भावना के साथ खिलवाड़ किया है, जिससे लोग आक्रोशित हैं।

## भाविप का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ

**जालोर,** (कासं)। भारत विकास परिषद का 31वां दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन पंजाब राज्य के फगवाडा ,जालंधर शहर में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के प्रांगण में आयोजित हुआ। जिसमें पूरे देश भर के परिषद् के 10 क्षेत्रों से कोई 3500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

अधिवेशन में भारत विकास परिषद् के अपने पांच सूत्रों सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण की विभिन्न गतिविधियों पर सार्थक विचार मंथन किया गया एवं राष्ट्र के उत्थान में संस्था की भूमिका पर समीक्षा के साथ राष्ट्र हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पंजाब के संत पद्मश्री बाबा सेवा सिंह, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर व राज्य सभा सांसद डॉ. अशोक मित्तल,भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक पवन जिन्दल, राष्ट्रीय महामंत्री दुर्गादत्त शर्मा सहित मनीषियों व प्रबुद्ध विचारकों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। राजस्थान पश्चिम प्रान्त से प्रतिनिधियों सहित जालोर शाखा से परिषद् के प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी, सचिव संतोष कुमार दवे, पूर्व अध्यक्ष बी. एल. सुथार ,सूरज देवी सुथार एवं शाखा उपाध्यक्ष महेंद्र आनंद वैष्णव ने भाग लिया।

# बाड़मेर में सर्वाधिक स्माल रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बने

**बाड़मेर,** (नि.सं.)। जिला कलक्टर टीना डाबी ने बताया कि गत एक वर्ष में भारत सरकार के कैच द रैन अभियान के तहत बाड़मेर जिले में देश में सर्वाधिक स्माल रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का हुआ निर्माण हुआ है। उल्लेखनीय है कि 9 मार्च से लेकर 31 दिसंबर 2024 तक जिले में विभिन्न योजनाओं में 43 हजार रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण हुआ है, जबकि पूरे राजस्थान में 83 हजार रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण हुआ है। डाबी ने बताया कि बाड़मेर जैसे मरूस्थलीय जिले में बारिश के पानी को बचाना यहां की संस्कृति रही है। यहां गत एक वर्ष में स्थानीय लोगों और विभिन्न विभागों के सहयोग से रिकॉर्ड रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण करवाया गया है। इन स्ट्रक्चर के बनने से स्थानीय आबादी को बारिश का साफ पानी पूरे वर्ष भर पीने को मिलेगा।



रोटी बैंक की ओर से पाली शहर में चल रहे भोजन वाहन मोबाइल वैन के माध्यम से स्वर्गीय अशोक कुमार कटारिया की स्मृति में उनकी पत्नी शोभा कटारिया, शोभित चेतना,तनय, हीर कटारिया परिवार व आनंद कवाड़ की प्रेरणा से मंडिया रोड स्थित रामदेव मंदिर रुणिचा कॉलोनी में करीब 400 जरूरतमंदों को सिरा, खिचड़ी, पापड़ी, दाल, रोटी वितरित की। फोटो-राष्ट्रदूत

# सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर के समीपवर्ती ग्राम पंचायत लुनोल ग्राम के ग्रामीणों ने मंगलवार को सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत के करोटी गाँव के मुख्य चोराहे से आबुरोड जाने वाले हाइवे के बाई तरफ ग्राम पंचायत की आबादी भूमि खसरा नम्बर 42/1 आयी हुयी है जिसके पीछे की तरफ सम्बंधित लोगो के खातेदारी भूमि में वाणिज्यिक कोम्प्लेक्स आदि बने हुए है। पंचायत की आबादी भूमि पूरी तरह से खाली पडी है और उसपर किसी का कोई कब्जा नही है। हाल ही में इस खसरे में बडी रिश्वत लेकर सरपंच मंसी देवी, सरपंच प्रतिनिधि जयंती लाल कोली, पंचायत कार्मिक प्रकाश देवासी आदि लोगो ने सांठ गांठ करके इस भूमि में गलत नियमो से पट्टे काटे है तथा ग्राम पंचायत को निजी आय का करोडों का नुकसान पहुँचाया है। क्योंकि यह भूमि करोडो की संपति है तथा यदि इसकी नीलामी की जाये तो ग्राम पंचायत को करोडो की आय हो सकती है। पिछले पांच वर्षो के वर्तमान सरपंच के कार्यकाल में इस आबादी भूमि व पुरे ग्राम पंचायत क्षेत्र में काटे गए समस्त पट्टो की जाँच की जाये तथा गलत नियमो के तहत काटे गए समस्त पट्टो को निरस्त किया जाये।



पाली के पुराना हाउसिंग बोर्ड में स्थित गणेश पार्क में संत तारादेवी के मुखारविंद से आयोजित भागवत कथा के पांचवे दिन व नंदोत्सव के तीसरे दिन कान्हा ने बड़े होकर माखन की मटकी फोड़ी। संगीतमय जानकी विवाह का आयोजन किया। इस मौके पर संयोजक मधु बोहरा सहित कई जने मौजूद रहे। फोटो-राष्ट्रदूत

## विशेष ग्राम सभा बुधवार से

**बालोतरा,** (निसं)। पचपदरा तहसील में डीआईएलआरएमपी योजनान्तर्गत सर्वे रिसर्वे का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। आसोतरा में ०1 जनवरी को ग्राम पंचायत आसोतरा में प्रात: 11 बजे एवं माजीवाला में दोपहर 2 बजे तथा ०2 जनवरी को ग्राम पंचायत कीटनोद में प्रात: 11 बजे एवं बिठूजा में दोपहर 2 बजे ग्राम सभाओं का आयोजन किया जायेगा।

# कलैक्टर टीना डाबी ने कंबल बांटे

**बाड़मेर,** (नि.सं.)। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर मंगलवार को बाड़मेर शहर में संचालित आश्रय स्थल पर पहुंचकर जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए। सभी उपखंड कार्यालयों पर उपखंड अधिकारियों द्वारा भी जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।

इसके साथ ही जिला कलक्टर टीना डाबी द्वारा गरीब और बेसहारा लोगों के लिए नगर परिषद् द्वारा टाउन हॉल के पास संचालित आश्रय स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आश्रय स्थल में प्रदान की जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया और यहां रूकने वालों के लिए सर्दी से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने इस आश्रय स्थल में रोजाना आने वाले लोगों की संख्या के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्हें उपलब्ध होने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने आश्रय स्थल की साफ सफाई का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने नगर परिषद कर्मचारियों को अच्छी सफाई करवाने रखने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर उनके साथ अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत, नगर परिषद आयुक्त श्रवणसिंह राजावत, एसडीएम वीरमाराम सहित अधिकारी और अन्य लोग उपस्थित थे।

जिला कलक्टर टीना डाबी के निर्देश पर नववर्ष की पूर्व संध्या पर जिले के सभी उपखंड अधिकारियों को गरीब और बेसहारा लोगों के सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए। इसके साथ ही अपने यहां सर्दियों में रैन बसरों की माकूल व्यवस्था करने और अन्य सुविधाएं सृजित करने के निर्देश दिए।